उत्तर प्रदेश शासन

लोक निर्माण अनुभाग-3

संख्या- 08/2025/47(1)/23-03-2025-2(ईएस)/2025

लखनऊ :दिनांक 09 जनवरी, 2025

कार्यालय-ज्ञाप

महाकुंभ 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु एतदृद्वारा यह निर्देशित किया जाता है कि श्री श्रीराज, प्रमुख अभियन्ता, ग्रामीण सड़क, लोक निर्माण विभाग, अन्य संबंधित अभियंताओं के साथ, महाकुंभ की समाप्ति तक मेला परिसर प्रयागराज में कैंप करेंगे तथा लोक निर्माण विभाग से संबंधित समस्त कार्यों का सतत पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करते हुए निम्न दायित्वों का निर्वहन करेंगे:-

(1) अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज/कौशाम्बी वृत्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर कुंभ मेला परिसर में तैयार किये गए पांटून पुलों की प्रत्येक सप्ताह में दो बार शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित कराएंगे। जॉचोपरान्त आवश्यक कमियों का तत्काल निराकरण कराना भी सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही प्रत्येक सप्ताह में कम से कम दो बार रात्रि काल में निरीक्षण अवश्य सुनिश्चित कराएंगे।

(2) विभिन्न तिथियों में होने वाले मुख्य स्नान पर्वों के पूर्व तथा पश्चात पांटून पुलों की चकर्ड प्लेटों आदि की विशेष जांच/देखरेख सुनिश्चित करेंगे।

(3) जिला प्रशासन, मेला अधिकारी तथा अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क स्थापित रखते हुए, महाकुंभ, 2025 के सफल आयोजन हेतु निरंतर सजग रहेंगे।

(4) कुंभ मेला से संबंधित लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज के समस्त अधिकारीगण मेला क्षेत्र में स्थित कार्यालय में रात्रि विश्राम करेंगे।

(5) कुंभ मेला क्षेत्र में कार्यरत समस्त मेट/लेबर को मेला क्षेत्र में ही रूकने की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उक्त कार्मिकों की सेवाएं तत्काल उपलब्ध हो सके।

प्रभुनाथ,
विशेष सचिव।

संख्या एवं तदृदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
3. प्रमुख अभियंता (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
4. मुख्य अभियंता, प्रयागराज क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
प्रभुनाथ,
विशेष सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in/CONTRA/

https://shasanadesh.up.gov.in/GO/INTRA/